हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 12 सितंबर 2026

04 वन माफियाओं से साठ-गांठ : गिरफ्त में आए लकड़ी...



07 बगैर लाइसेंस बेची जा रही शराब के अड्डों पर दी जा...



खबर संक्षेप

बिशन खेड़ी में शिविर किया आयोजित

सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन एवं डॉ. रचिरा उइके के निर्देशन में विकासखंड इछावर के ग्राम बिशन खेड़ी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में दंत फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के कुल 45 विद्यार्थियों की दंत स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 8 बच्चों में दंत फ्लोरोसिस के मामले चिन्हित किए गए। चिन्हित बच्चों को आवश्यक परामर्श एवं आगे की जांच/उपचार हेतु उचित मार्गदर्शन दिया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दंत फ्लोरोसिस की रोकथाम, मौखिक स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल के उपयोग एवं दांतों की नियमित देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। आयोजित किए गए शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को सूचना, शिक्षा के साथ-साथ संचार गतिविधियों के माध्यम से दंत स्वास्थ्य एवं फ्लोरोसिस से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

क्लोरीन सिलेंडर खाली करते समय फिर हुआ गैस रिसाव, बदबू से भागे ग्रामीण

फिर हवा में क्लोरीन की तीखी गंध फैलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण घबरा गए

सिलेंडर को तकनीकी प्रक्रिया के तहत खाली और निष्क्रिय (न्यूट्रलाइज) किया जा रहा था। इसी दौरान वाल्व या निकासी प्रक्रिया के चलते गैस रिसने लगी और वातावरण में हल्की से तेज गंध फैल गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



काहिरी कदीम फिल्टर प्लांट से लगे ग्रामीण क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पूर्व में रखे क्लोरीन गैस सिलेंडर को सुरक्षित करने की प्रक्रिया के दौरान गुरुवार को अचानक दोबारा गैस का रिसाव शुरू हो गया।

हवा में क्लोरीन की तीखी गंध फैलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण घबरा गए और सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। हालांकि, कुछ ही देर में मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने स्थिति को संभाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में पूर्व से रखे क्लोरीन सिलेंडरों के सुरक्षित निपटारे और जांच के लिए नगरपालिका की टीम पहुंची हुई थी। वहां मौजूद दो-तीन सिलेंडरों में से अधिकांश खाली थे, जबकि एक भरे हुए सिलेंडर को तकनीकी प्रक्रिया के तहत खाली और निष्क्रिय (न्यूट्रलाइज) किया जा रहा था।

इसी दौरान वाल्व या निकासी प्रक्रिया के चलते गैस रिसने लगी और वातावरण में हल्की से तेज गंध फैल गई। गंध के प्रसार से गांव में दहशत का माहौल बन गया और लोग उल्टे पांव भागने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह के संवेदनशील और जानलेवा गैस के मामलों में प्रशिक्षित तकनीकी दल के बजाय अप्रशिक्षित अमले से काम लिया जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है।

गौरतलब है कि मंगलवार को इसी गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव होने के चलते करीब एक दर्जन लोगों को अशास्तों का अस्पताल पहुंच गए थे सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंचने के बाद स्थिति पर काबू किया गया था। नगरपालिका के इंजीनियर विजय कोहली ने बताया कि मौके पर मौजूद क्लोरीन सिलेंडर को न्यूट्रलाइज करने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी प्रक्रिया के दौरान मामूली गैस निकली, जिसकी वजह से वातावरण में हल्की स्मेल आई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई बड़ा रिसाव नहीं था बल्कि निष्क्रिय करने की तकनीकी प्रक्रिया का हिस्सा था। मौके पर मौजूद अमले ने तुरंत हालात पर काबू पा लिया है और किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं हुआ है। स्थिति पूरी तरह से सुरक्षित और नियंत्रण में है।

प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने परखी सीहोर की शिक्षा व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने शुक्रवार को सीहोर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर जिले की शिक्षा व्यवस्था, शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से सीधे संवाद कर विद्यालयों की आवश्यकताओं तथा समस्याओं की जानकारी ली और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। प्रमुख सचिव के निरीक्षण की शुरुआत शासकीय हाई स्कूल सेमली जदीद से हुई।

यहां उन्होंने विद्यालय में निर्मित टीन शेड, शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। संस्था के प्राचार्य शिवनारायण पटेल से विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने विद्यालय में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। डॉ. गोयल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से चर्चा कर विद्यालय की अतिरिक्त आवश्यकताओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। इसके बाद डॉ. गोयल ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्राओं ने तिलक लगाकर प्रमुख सचिव का आत्मीय स्वागत किया।

उन्होंने छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा छात्राओं और स्टाफ से संवाद कर आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से उनकी पढ़ाई और छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की। निरीक्षण के अगले चरण में प्रमुख सचिव ने विकासखंड सीहोर की शासकीय माध्यमिक शाला जहांगीरपुरा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछे। इस दौरान कक्षा सातवीं के छात्र नरेश लोधी ने प्रमुख सचिव से सवाल किए।

वहीं छात्रा कुमारी भुवनेश्वरी लोधी से उसके भविष्य के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर उसने कलेक्टर बनने की इच्छा व्यक्त की। छात्रा की इस आकांक्षा पर डॉ. गोयल ने उसे प्रोत्साहित किया तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने विद्यालयों में आ रही कठिनाइयों, शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं को लेकर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं विकासखंड अकादमिक समन्वयक से भी विस्तृत फीडबैक लिया। इस दौरान भोपाल से सचिन आशापुरा एवं विशाखा तिवारी भी उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव ने जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। अंत में प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल द्वारा जिले के अधिकारियों कलेक्टर बालागुरु के., मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सर्जना यादव, जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक आर.आर. उइके, जिला जेंडर प्रभारी फूलवती राठौर, एवं विद्यालयीन अमले द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अशोक वर्मा, विकासखंड अकादमिक समन्वयक गेंदराज विश्वकर्मा सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के एक तरफा मुकाबले में खरगोन ने रतलाम को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के आवासीय खेलकूद और चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तर अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता गत 6 सितंबर से प्रारंभ हुई। मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के सहयोग से इस प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही हैं। ए और बी टीमों का शुक्रवार को ग्रुप का आखिरी मैच खेले जा रहे हैं। इसमें पहला मैच रतलाम विरुद्ध खरगोन के बीच खेला गया खरगोन की टीम 11-0 से विजय रही खरगोन में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 11 गोल से जीत अर्जित की इसके अलावा दूसरा मैच इंदौर-बड़वानी के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर 09-00 से विजय रही इंदौर की तरफ से अंगद सिंह ने 4 गोल किए मनन ने 2 गोल किए जयेश ने 2 गोल किया कार्तिक ने 1 गोल किया। दोनों ही मुकाबले एक तरफा रहे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि ग्रुप में भोपाल और इंदौर के बीच दोनों ही टीमों ने टॉप किया सीहोर की टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही शनिवार से सी और डी ग्रुप के मैच होंगे टीमें इस प्रकार है जबलपुर, सिंगरौली, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा, खंडवा, शुजालपुर की टीम खेलेगी। प्रतियोगिता के आगामी चरण को लेकर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और खेल अधिकारी अत्ताउल्लाह खान आदि ने तैयारियां की। शनिवार को दो मैच खेले जाऐंगे। शुक्रवार को मैच के मुख्य अतिथि आवासीय स्कूल के प्राचार्य आलोक शर्मा, सुरेंद्र, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय कर अपनी ओर से शुभकामनाएं दी प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

भादो अमावस्या पर महाराष्ट्र और राजस्थान से कांवड़ लेकर धाम पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन मास के बाद भादो अमावस्या तक जारी रही कांवड़ यात्रा का शुक्रवार को विधिवत विराम हो गया। जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में भादो अमावस्या के अवसर पर महाराष्ट्र, राजस्थान सहित विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने शहर के सीवन नदी तट से करीब 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर धाम पहुंचकर भगवान शिव का सामूहिक रूप से जलाभिषेक किया। तेज धूप के बावजूद शिवभक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी और पूरा मार्ग हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। कांवड़ यात्रियों के धाम पहुंचने पर विठलेश सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की गई। पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला और कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा सहित समिति से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान दो क्विंटल खीर का भोग लगाकर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भादो अमावस्या के साथ इस वर्ष सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक चलने वाली कांवड़ यात्रा के नियमित क्रम का विराम हो गया है। अब सीवन नदी तट से कांवड़ लेकर धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि सावन से लेकर भादो अमावस्या तक बड़ी संख्या में महाराष्ट्र, राजस्थान सहित देश के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्त कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे और बाबा का अभिषेक किया। आने वाले दिनों में भी श्रद्धालुओं के धाम पहुंचने और एक लोटा जल अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक करने का क्रम जारी रहेगा।

सीहोर में छह दिवसीय अटल संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान सीहोर के प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित छह दिवसीय अटल संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 11 सितंबर को औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विषयवस्तु प्रबंधन एवं नवाचार के क्षेत्र में उभरती प्रवृत्तियां रही। औद्योगिक भ्रमण के दौरान प्रबंधन विभाग के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने आईटीसी चौपाल सागर लिमिटेड सीहोर का भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को औद्योगिक क्षेत्र में प्रबंधन की कार्यप्रणाली नवाचार उत्पादन प्रक्रिया एवं व्यावसायिक गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस औद्योगिक भ्रमण में समन्वयक प्रदीप कुमार माहेश्वरी एवं सह समन्वयक अभिषेक कुरोलिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने औद्योगिक इकाई की विभिन्न गतिविधियों को करीब से समझा।भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को उद्योग में अपनाई जा रही आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों नवाचार की प्रक्रिया तथा विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने औद्योगिक कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझते हुए अपने ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ा। औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। इससे उन्हें प्रबंधन के सैद्धांतिक ज्ञान को औद्योगिक वातावरण में समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यशाला में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में माटी गणेश–हरित गणेश कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा निर्माण, प्राकृतिक रंगों के उपयोग तथा जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन बातव ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलना वर्तमान समय की आवश्यकता है। पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा का निर्माण एवं विसर्जन हमारी आस्था के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी मधुरिमा तिवारी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को ग्रीन गणेश की अवधारणा से अवगत कराया। उन्होंने मिट्टी की गणेश प्रतिमा, प्राकृतिक रंगों के प्रयोग, बीजयुक्त प्रतिमा तथा पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन की प्रक्रिया को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। साथ ही गणेश जी की प्रतिमा के विभिन्न अंगों में निहित जीवन-मूल्यों से विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित व्यावहारिक कार्यशाला विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमाओं का निर्माण किया। विशेष रूप से प्रत्येक प्रतिमा में एक-एक बीज स्थापित किया गया, ताकि विसर्जन के पश्चात इन्हें गमले अथवा घर के बगीचे की मिट्टी में विसर्जित कर एक नए पौधे के रूप में विकसित किया जा सके। इस अभिनव गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने एक गणेश प्रतिमा—एक बीज, एक हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एनएसएस प्रभारी सुप्रिया गुप्ता ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव मनाने, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने तथा जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने की शपथ ली।

पुलिस महकमे की शुरुआती पोस्टिंग कोतवाली मिली, अब तीसरी बार टीआई की जिम्मेदारी भी

जहां 21 साल पहले की सिपाहीगिरी, उसी थाने में तीसरी बार बने थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश पुलिस महकमे में तबादले और नई पोस्टिंग बेहद आम बात हैं, लेकिन सीहोर पुलिस विभाग के इतिहास में एक ऐसा अनूठा और रोचक मामला सामने आया है जो आज तक किसी भी पुलिसकर्मी या अधिकारी के साथ नहीं हुआ। एक ही थाने से करियर की मैदानी शुरुआत करना, फिर आगे चलकर उसी थाने का टीआई (थाना प्रभारी) बनना और फिर घूम फिरकर तीसरी बार उसी कोतवाली थाने की कमान संभालना, यह उपलब्धि दर्ज हुई है टीआई गिरीश दुबे के नाम।

कोतवाली के बने प्रभारी

बता दें सप्ताह भर पहले ही पुलिस कप्तान सोनाक्षी सक्सेना ने आष्टा थाना प्रभारी रहे गिरीश दुबे को शहर के सबसे महत्वपूर्ण कोतवाली थाने का प्रभारी बनाया है। खाकी वर्दी के प्रति निष्ठा और निरंतर मेहनत के दम पर दुबे ने एक ऐसा सफर तय किया है, जो पूरे पुलिस विभाग या अधिकारी-पुलिस जवान के मामले में अनूठा है।



बांग्लादेशी नेटवर्क ने दिलाई सफलता

गिरीश दुबे ने अपने सेवाकाल की शुरुआत वर्ष (2002) में बतौर प्रधान आरक्षक के रूप में की थी, जिसके बाद साल 2005 में मैदानी पोस्टिंग इसी सीहोर कोतवाली थाने में पाई थी। यहां के बाद वे भोपाल पहुंचे, जहां साल 2006 में उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर एक बड़ा कारनामा कर दिखाया। भोपाल में अवैध हथियारों के साथ सक्रिय बांग्लादेशी संदिग्धों के नेटवर्क को बेनकाब करने में गिरीश दुबे की मुख्य भूमिका रही। इस सफल ऑपरेशन के एवज में उन्हें विभाग की ओर से विशेष आउट ऑफ टर्न प्रोत्साहन मिला और साल 2007 में वे एएसआई पद पर पदोन्नत कर दिए गए।

फिर बढ़ता गया सफलता का सफर

आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के बाद गिरीश दुबे की तरक्की का सफर रुकने का नाम नहीं लिया। अपनी कार्यशैली के दम पर साल 2012 में वे सब इंस्पेक्टर बने और रायसेन जिले के कई महत्वपूर्ण थानों में पदस्थ रहे। पुलिस महकमे में उनके रिकॉर्ड को देखते हुए साल 2021 में उन्हें निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

पहली बार टीआई बन लौटे कोतवाली

निरीक्षक बनने के बाद जब वे सीहोर जिले में लौटे तो उन्हें भैरुंदा और आष्टा थानों की जिम्मेदारी मिली। इसके बाद करीब साल-डेढ़ साल पहले उन्हें पहली बार कोतवाली थाने का टीआई बनाया गया। यानी जिस थाने में कभी वे प्रधान आरक्षक के रूप में आदेश का पालन करते थे, वहीं वे पहली बार मुखिया बनकर लौटे। कोतवाली के बाद वे आष्टा थाने में सेवाएं दे रहे थे, लेकिन अब पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने उन्हें आष्टा से ट्रांसफर कर पुनः कोतवाली थाने का टीआई नियुक्त किया है। बता दें जिले के इतिहास में अब तक किसी भी आरक्षक, प्रधान आरक्षक, एएसआई, एसआई या निरीक्षक के साथ ऐसा नहीं हुआ है। एक ही थाने से अपनी जमीनी शुरुआत करना और फिर उसी कोतवाली में तीसरी बार प्रभारी बनकर आना अपने आप में एक अनोखा मामला है।



खबर संक्षेप

सहकारी केंदीय बैंक की साधारण सभा आयोजित

सीहोर। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की वार्षिक साधारण सभा कलेक्टर एवं प्रशासक बालागुरू के की अध्यक्षता में बैंक परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बैंक की कार्यप्रणाली, किसानों एवं ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सहकारी बैंक सीधे किसानों और आमजन से जुड़ी महत्वपूर्ण संस्था है। बैंक के अधिकारी-कर्मचारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए ग्राहकों को बेहतर एवं सहज सेवाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज वितरण, फसल उपार्जन, फसल बीमा तथा विभिन्न बैंकिंग योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर ने बैंक की गतिविधियों में और अधिक सुधार लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण कर बैंक के प्रति उनका विश्वास और मजबूत किया जाए। बैठक में बैंक की अमानत वृद्धि, ऋण वसूली, एनपीए में कमी, केवाईसी, खाद वितरण एवं उपार्जन सहित अन्य कार्यों के बारे में भी चर्चा की गई। कार्यक्रम मे सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त सुधीर कैथवास ने संबोधित किया। कार्यक्रम मे जिला सहकारी बैंक के सीईओ मनोज शर्मा, पूर्व संचालक देवी सिंह परमार, राधेश्याम दलपति उपस्थित थे।

वन विभाग की सांठगांठ से वन माफिया सक्रिय, साफ हो रहा जंगल, वन अमले की कार्यशैली पर उठे सवाल

वन माफियाओं से साठ-गांठ : गिरफ्त में आए लकड़ी तस्कर को छोड़ा, 8 सिल्लियां पकड़ी, रेंजर को 5 की ही दी जानकारी

शुक्रवार की सुबह वन विभाग की टीम ने की थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



वन अधिकारी और कर्मचारियों पर वन माफियाओं से साठ-गांठ कर वन भूमि पर अतिक्रमण कराने एवं जंगल की अवैध कटाई कराने के आरोप अक्सर लगते रहते हैं , लेकिन हालही में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें एक बार फिर वनकर्मियों की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल शुक्रवार की सुबह वन विभाग की टीम ने एक लकड़ी तस्कर को सागोन की सिल्लियों का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा था। इस दौरान आरोपी से एक बाईक और 9 सिल्लियां जब्त की गई थी। लेकिन वनकर्मियों ने चंद मिनट बाद ही आरोपी को छोड़ दिया। इसके अलावा टीम द्वारा कार्रवाई को लेकर रेंजर को जो जानकारी दी गई उसमें सिल्लियों की संख्या महज 5 बताई गई एवं आरोपी को फरार होना बताया गया । सूत्रों के अनुसार मामले में यह ट्विस्ट आरोपी की वनकर्मियों से नजदीकी और एक स्थानीय फर्नीचर दुकान संचालक की मध्यस्थता के चलते मोटी रकम वसूली के कारण आना बताया जा रहा है। हालांकि कुछ घंटों बाद मामला उजागर होने पर टीम ने 8 सिल्लियां जब्त करने की बात कबूल की। डिप्टी रेंजर कमलेश वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की रात को इछावर वन परिक्षेत्र की एक टीम बागनखेड़ा - आर्या मार्ग पर तैनात की गई थी , इसी दौरान सुबह करीब 4 बजे आर्या से बागनखेड़ा की ओर एक बाइक जाते हुए दिखाई दी। बाइक का पीछा करने पर चालक बागनखेड़ा गांव के समीप बाईक छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस दौरान बाइक पर सागोन की 8 सिल्लियां बंधी हुई थी। इसके चलते बाइक सहित सिल्लियां जब्त कर ली गई है। गौरतलब है कि शुरुआत में अमले ने 5 सिल्ली जब्त करने की बात कही थी। जब्त सागौन लकड़ी की कीमत करीब 12131हजार रुपए आंकी गई है।

वनकर्मियों ने आरोपी को छोड़ा

प्रत्यक्षदर्शी और विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को बागनखेड़ा गांव के नजदीक ही पकड़ लिया था। इस दौरान बाईक पर 8 सिल्लियां बंधी हुई थी। वनकर्मियों ने आरोपी की जब पहचान की तो वह क्षेत्र का पुराना व नामचीन एक लकड़ी तस्कर निकला। आरोपी की वनकर्मियों की नजदीकी और एक फर्नीचर दुकान संचालक की मध्यस्थता के कारण वन अमले ने मोटी रकम लेकर उसे मौके पर ही छोड़ दिया । साथ ही अपनी पीठ थपथपाने के लिए एक बाईक और 5 सिल्लियां पकड़ने के एवं आरोपी के फरार होने की जानकारी रेंजर को दे दी गई। लेकिन कुछ घंटों बाद मामला उजागर होने पर टीम ने 8 सिल्ली जब्त करने की बात कबूल की।

अंधाधुंध हो रही पेड़ों की कटाई

परिक्षेत्र के अंतर्गत जंगलों में पेड़ कटाई का अवैध कारोबार जोरो पर है। वन अधिकारियों की खामोशी के चलते लकड़ी माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से वनों की कटाई की जा रही है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के चलते जंगल व वन भूमि मैदान में तब्दील हो रही है। गौरतलब हो कि क्षेत्र के नादान , गादिया , डूंडलाव , बोरदीखुर्द, बालूपाट , चिकलपानी आदि बीटों में पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर है। जंगलों से काटी जा रही लकड़ियों का उपयोग आसपास गांवों में चल रही फर्नीचर दुकानों में किया जा रहा है। इसके साथ ही जंगल के समीप चल रहे ईट भट्टों में भी धड़ल्ले से किया जा रहा है।

लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान न देकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे अवैध तरीके से संचालित हो रही फर्नीचर दुकान संचालकों और लकड़ी तस्कर एवं वन माफियाओं के हौंसले बुलंद है। वनों की कटाई व जंगल की भूमि पर अवैध कब्जे तथा क्षेत्र में संचालित हो रहे ईट भट्टों से वन परिक्षेत्र अधिकारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी व बीटगार्ड भी अनभिज्ञ नहीं है। वन अधिकारियों द्वारा वनों में भ्रमण न कर जंगल के बजाए गांवों में वर्दी पहनकर घूमते देखा जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि किसान व गरीब व्यक्ति अपने निस्तार के लिए जंगल से गिरी पड़ी सूखी लकड़ी बैलगाड़ी में लाता है तो वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उन पर सख्ती बरतते है। लेकिन धड़ल्ले से हो रही अवैध कटाई व ईटभट्टा संचालको के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे स्पष्ट समझ आता है कि इन लोगों से अधिकारियों की मिली भगत है। एक ओर शासन द्वारा वनों व वन्यजीवों के संरक्षण व सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं दूसरी ओर वनों की कटाई पर रोक लगाने प्रयास नहीं किया जा रहा है।

हो रहा अवैध लकड़ी का उपयोग

गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र में खासकर जंगल के समीप गांवों में दर्जनों फर्नीचर दुकानें संचालित हो रही है। यहां संचालकों द्वारा सागोन की अवैध लकड़ी का धड़ल्ले से उपयोग किया जाता है। स्थिति यह है कि अधिकांश फर्नीचर दुकान संचालक दिखावे के नाम पर कभी कभार डीपो से नाममात्र की लकड़ी क्रय करते हैं, जबकि फर्नीचर सहित अन्य सामग्री में वह अवैध सागौन की लकड़ी का ही उपयोग कर रहे हैं। लकड़ी तस्कर जंगल से सागोन के पेड़ काटकर और उनकी सिल्लियां बनाकर इन्हीं फर्नीचर दुकान संचालकों और दूर दराज क्षेत्रों में बेच रहे हैं। वन माफियाओं द्वारा पेड़ों की अवैध कटाई व परिवहन बड़े पैमाने पर बाइक और ट्रकों के माध्यम से आएं दिन कर रहे हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि वन विभाग द्वारा कभी कभार छोटी - मोटी कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपा रहा है।

जांच कराई जाएगी

उक्त मामले में टीम द्वारा मुझे एक बाईक और 5 सागोन सिल्लियां जब्त करने की जानकारी दी गई थी, यदि सिल्लियों की संख्या 5 से अधिक है एवं आरोपी को छोड़ा गया है, तो जांच कराई जाएगी उसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

मिथुन सिसोदिया, रेंजर इछावर

हाईवे सर्वे को लेकर विवाद, मारपीट के लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



हाईवे निर्माण के लिए जमीन के सर्वे को लेकर तहसील भैरुंदा क्षेत्र के ग्राम इटावाकलां में चल रहा विवाद अब पटवारी के खिलाफ किसान की शिकायत और किसान संगठन के प्रदर्शन तक पहुंच गया है। किसान भगवानदास करवाल ने हल्का नंबर 18 में पदस्थ पटवारी कमलसिंह वर्मा पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। किसान ने थाना गोपालपुर और एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के बाद गुरुवार को किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान थाना भैरूंदा और तहसील कार्यालय पहुंचे। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि पांच दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो 18 सितंबर को गोपालपुर थाने के सामने चक्काजाम किया जाएगा। किसान भगवानदास के आवेदन के अनुसार, उसके मकान के पास से नेशनल हाईवे निकल रहा है। हाईवे के लिए जमीन का सर्वे किया जा रहा है। किसान का आरोप है कि सर्वे में उसके मकान को तो दर्ज किया गया, लेकिन ट्यूबवेल और तीन शेड को शामिल नहीं किया गया। इस संबंध में उसने 8 सितंबर को एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर दोबारा सर्वे कराने की मांग की थी। किसान के अनुसार, आवेदन देने के बाद पटवारी ने उसे गांव की एक दुकान पर बुलाया और भाई को भी साथ लाने के लिए कहा। आवेदन में बताया गया है कि 10 सितंबर को करीब 11.41 बजे उसके भाई पारदास को फोन कर बुलाया गया। इसके बाद दोनों भाई बताए गए स्थान पर पहुंचे। किसान ने आरोप लगाया कि बातचीत के दौरान पटवारी ने गाली-गलौज और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। विरोध करने पर मारपीट और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। किसान ने घटना के समय करतारसिंह राजपूत, दिगराजसिंह राजपूत, अभिषेक यादव सहित अन्य ग्रामीणों के मौजूद होने का उल्लेख किया है। मामले को लेकर किसान स्वराज संगठन ने एसडीओपी रोशन कुमार जैन के समक्ष भी शिकायत रखी।

इसके बाद तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कहा कि किसानों की शिकायत पर तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित पटवारी को नोटिस जारी कर उसका पक्ष भी लिया जाएगा। तीन दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जांच के आधार पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख सचिव ने किया छात्रावास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव संजय गोयल द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेमली जदीद का ओचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान सचिव छात्रावास की व्यवस्थाओं और बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया साथ ही प्रबंधन से अन्य जानकारियां प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सचिव श्री गोयल ने छात्रावास की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रबंधन की प्रशंसा की ओर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान सचिव द्वारा छात्रावास की बालिकाओं से विस्तृत चर्चा करते हुए उनके द्वारा शिक्षण क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार की भी जमकर तारीफ की । उन्होंने साफ सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता की भी तारीफ की। बच्चों के साथ उनके अनुभव साझा किये सचिव महोदय द्वारा बालिकाओं से पूछा गया की पढ़ लिखकर क्या बनना चाहते हो बालिकाओं ने बताया कि डॉक्टर , इंजीनियर , शिक्षक , स्टाफ नर्स , आईएएस , आईपीएस अधिकारी बनने का बताया । इस पर सचिव ने कहा की आप मेहनत करें सफलता निश्चित रूप से मिल जाएंगी। आप लोगों का छात्रावास मुझे बहुत अच्छा लगा है मैं पुनः फिर यहां पर आऊंगा । निरीक्षण के समय हाई स्कूल प्राचार्य एस एन वर्मा , बीआरसीसी सुभाष चन्द्र दूबे , अजब सिंह वर्मा बी,आर सी सीहोर इछावर बीएससी मनोज राठौर छात्रावास वार्डन कुशवाहा मैडम एवं सहायक वार्डन पूजा राजपूत उपस्थित थे ।

खेल में प्रतिस्पर्धा के साथ पढ़ाई पर दें ध्यानः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग, फ्रीस्टाइल कुश्ती एवं ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संबोधित किया। कलेक्टर बालागुरु के. ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ भाग लेना चाहिए। खेल में अनुशासन, नियमित अभ्यास और संतुलित खानपान का विशेष महत्व है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे अपने स्वास्थ्य और फिटनेस का ध्यान रखते हुए पौष्टिक आहार लें तथा खेल को हमेशा खेल भावना से लें। जीत और हार को समान रूप से स्वीकार करते हुए निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभा के विकास के साथ शिक्षा भी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अनुशासन, मेहनत, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच को जीवन का हिस्सा बनाकर खिलाड़ी खेल एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों में बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, आवासीय खेल परिसर के प्राचार्य आलोक शर्मा भी उपस्थित थे।

कुश्ती फ्री स्टाइल 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम भोपाल, द्वितीय इंदौर, तृतीय उज्जैन, कुश्ती फ्री स्टाइल 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम भोपाल, द्वितीय उज्जैन, तृतीय इंदौर, कुश्ती ग्रीको रोमन 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम इंदौर, द्वितीय भोपाल, तृतीय उज्जैन, ओवरऑल कुश्ती/ग्रीको रोमन में प्रथम विजेता इंदौर 360, द्वितीय उपविजेता भोपाल 285, वेटलिफ्टिंग 17 वर्ष बालक, बालिका टीम चैम्पियनशिप मे प्रथम भोपाल, द्वितीय नर्मदापुरम, तृतीय ग्वालियर, वेटलिफ्टिंग 19 वर्ष बालक/बालिका टीम चैम्पियनशिप प्रथम नर्मदापुरम, द्वितीय उज्जैन, तृतीय जबलपुर, ओवर आल 17 वर्ष बालक/बालिका में विजेता भोपाल, उपविजेता नर्मदापुरम, ओवर आल 19 वर्ष बालक, बालिका विजेता नर्मदापुरम, उपविजेता उज्जैन, बेस्ट लिफ्टर 17 वर्ष बालक गौतम, बालिका तनिषा असनानि (भोपाल), बेस्ट लिफ्टर 19 वर्ष बालक आदर्श चौधरी (इन्दौर), बालिका पुनम पटेल (रीवा) शामिल है।

शांति समिति की बैठक में नागरिकों ने रखे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



गणेश उत्सव से लेकर अनंत चतुर्दशी, दुर्गा उत्सव, दशहरा और दीपावली तक शहर में लगातार त्योहारों का माहौल रहेगा। त्योहारों के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ने के साथ यातायात, सुरक्षा और कानून व्यवस्था की चुनौती भी रहेगी। इसे देखते हुए शुक्रवार को थाना भैरूंदा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस, प्रशासन, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों और नागरिकों ने आगामी त्योहारों की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। बैठक में एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी निरीक्षक जीएस दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, सीएमओ आरपी भांवरें, नायब तहसीलदार रामदास गोरले, विद्युत विभाग के जेई, पार्षदगण, गणेश उत्सव समितियों के सदस्य, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, पत्रकार और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं। धार्मिक आयोजनों के दौरान किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना आहत न हो और कानून व्यवस्था बनी रहे, इसका सभी को ध्यान रखना होगा। उन्होंने नागरिकों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवादित सूचना पर भरोसा करने के बजाय उसकी जानकारी पुलिस को दें।

बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, धार्मिक जुलूसों, यातायात, बिजली, साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समय पर व्यवस्थाएं पूरी करने की बात कही। बैठक के दौरान नागरिकों ने नगर और आसपास के क्षेत्रों में नशे से जुड़ी शिकायतों और इससे होने वाली परेशानी का मुद्दा उठाया। नागरिकों ने बताया कि कुछ स्थानों पर नशे के सेवन की शिकायतें सामने आती हैं। देर रात तक लोगों के बैठने और विवाद की स्थिति बनने से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है।

इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को ऐसे स्थानों को चिन्हित कर शिकायतों की जांच करने और नियम के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। पुलिस द्वारा जागरूकता और नशामुक्ति अभियान भी चलाया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से बचने की अपील की। किसी आपत्तिजनक या विवादित पोस्ट की जानकारी मिलने पर उसे आगे प्रसारित करने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना देने को कहा गया। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाएगी। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने नगरवासियों और क्षेत्रवासियों को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरुक

जरूरतमंद की मदद करने के तरीकों पर जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर 10 सितंबर को शासकीय महाविद्यालय भैरूंदा एवं सिविल अस्पताल भैरूंदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव और अवसाद से जुड़ी समस्याओं को पहचानने तथा समय रहते मदद लेने की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में डॉ. दीक्षा गंगवाल, फिजियोथैरेपिस्ट सलोनी दुबे, नर्सिंग स्टाफ, एचआईवी विभाग के एसटीआई काउंसलर, आईसीटीसी काउंसलर, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने आत्महत्या रोकथाम में गेटकीपर की भूमिका, तनाव और अवसाद के संकेतों तथा जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने के तरीकों पर जानकारी दी। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और उससे होने वाले मानसिक तनाव को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए उपलब्ध उमंग एवं मनकक्ष सेवाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को मनहित एप इंस्टॉल करवाया गया तथा मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य एसएस मीना, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सुजिता गौड़, नीतु जैन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों का एचआईवी परीक्षण भी किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना और किसी भी मानसिक परेशानी की स्थिति में समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित करना रहा।

कलेक्टर और एसपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. एवं पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने भी ग्रामीणों से संवाद किया। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और मांगों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित भ्रमण और शिविर केवल औपचारिक कार्यक्रम न होकर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनें।

खुलेआम चल रहा डायरी की आड़ में ब्याज पर पैसों का धंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

नगर सहित तहसील भर में डायरी के नाम पर ब्याज पर पैसों का कारोबार खुलेआम एवं धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है।

मजबूरी में लोग डायरी की आड़ में 15 से 20 प्रतिशत का ब्याज देने को मजबूर है। इतने भारी ब्याज के कारण कई बार लोग पैसा नहीं चुका पाते तो उनकी गाड़ी, जमीन एवं घरों तक पर कब्जा कर लिया जाता है। इसके बाद भी इन धंधाखोरों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। रेहटी एवं आसपास के गांवों में ब्याज पर धंधे का कारोबार जमकर चल रहा है। पिछले दिनों रेहटी तहसील के गांव कोठरा में इस ब्याज के धंधे के कारण ही एक युवक को जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान भी देनी पड़ी।

ऐसे कई उदाहरण पहले भी सामने आए हैं, जिसके कारण लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। दरअसल कई ऐसे व्यापारी एवं धन्ना सेठ हैं, जो ब्याज के नाम पर डायरी चलाकर लोगों को पैसा देते हैं और उनसे फिर भारी भरकम ब्याज के साथ राशि भी वसूलते हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर इन पर अभी तक प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे उनके हौसले बुलंद है। रेहटी थाना प्रभारी हिमलेंद्र सिंह पटेल का कहना है कि सूदखोरी की कोई भी शिकायत आती है तो तत्काल कार्रवाई की जाती है।

सागर की घटना के बाद चेता आबकारी अमला, रोजाना चल रही चेकिंग

बगैर लाइसेंस बेची जा रही शराब के अड्डों पर दी जा रही दबिश, कच्ची शराब भी जब्त





13 आपराधिक प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

करीब एक हफ्ते पहले मध्यप्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब से हुई 18 लोगों की मौत ने कुंभकरणी नींद में सो रहे राजगढ़ जिले के आबकारी विभाग को हरकत में ला दिया है। विभाग के जो अधिकारी महीने में एक-दो बार फील्ड में निकलते हुए अवैध और कच्ची शराब के मामलों में कार्रवाई करते थे वे अब रोजाना कार्यवाहियां करते नजर आ रहे हैं। बीते करीब पांच दिनों से विभागीय अमला जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से मिल रही सूचनाओं के बाद दबिश देते हुए बगैर लाइसेंस के दुकानों पर बेची जा रही अवैध शराब जब्ती में ले रहा है। इसके साथ ही कैमिकल मिलाकर बनाई जा रही कच्ची शराब की भट्टियां भी नष्ट की जा रही हैं। इसी कड़ी में विगत दिनों जहां ब्यावरा वृत्त के तहत दूधी और कटारियाखेड़ी गांवों में भारी मात्रा में कच्ची शराब का विनष्टीकरण किया गया वहीं अवैध रूप से बेची जा रही शराब जब्त करते हुए आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामले पंजीबद्ध किए गए।

अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन पर चल रही कार्रवाई के तहत कल विभाग द्वारा विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाहियां नजर आईं विभाग ने 13 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए। इसके साथ ही 64 लीटर हाथ भट्टी की शराब एवं देसी शराब जब्त करने की कार्रवाई की गई।

अनवरत चले कार्रवाई तभी लगेगा अंकुश

सागर की घटना के बाद विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के बारे में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स पर आमजनों की अलग-अलग राय भी सामने आ रही हैं। लोगो का कहना है कि यदि विभाग इन दिनों जिस तरह से ताबड़तोड़ कार्यवाहियां कर रहा है अगर वैसी कार्यवाहियां लगातार जारी रहें तो अवैध शराब मामलों पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है। लोग यह भी कह रहे हैं कि जब किसी जिले में कच्ची, जहरीली शराब से जनहानि होती है तभी विभाग क्यों कार्यवाहियां शुरू करता है। ऐसी कार्यवाहियां लगातार चलती रहने की दरकार है।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन

जिले में किसी भी मदिरा विक्रेता द्वारा अहातों का लायसेंस नहीं लिया गया है। यही कारण है कि विभिन्न लायसेंसी दुकानों के बाहर खुलेआम शराब का सेवन करते लोगों को आसानी से देखा जा सकता है। राजगढ़ के बस स्टैंड जैसे आवाजाही वाले स्थान पर भी इसी तरह के हालात नजर आ रहे हैं। इसी तरह पुराने बस स्टैंड स्थित शराब दुकान के सामने और समीप ही लोग खुले में शराब पीते देखे जा सकते हैं।

कलेक्टर ने लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा की

बीईओ व बीआरसी की वेतनवृद्धि रोकने नोटिस किया गया जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार दोपहर आगामी जनविश्वास अभियान के अंतर्गत लोक सेवा के आवेदनों एवं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत संतुष्टिपूर्ण कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बीआरसी सुरेन्द्र भदौरिया एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश गवली की 1-1 वेतन वृद्धि रोकने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की वन-टू-वन चर्चा कर प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत लंबित प्रकरणों में प्रधानमंत्री आवास योजना में सूची में नाम जोड़ने एवं भुगतान संबंधी शिकायतों तथा राशन पर्ची में नाम जोड़ने संबंधी शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों में शासकीय एवं निजी भूमि पर अतिक्रमण संबंधी शिकायतों तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीयन एवं राशि के भुगतान संबंधी शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित एसडीएम को लंबित शिकायतों की पेंडेंसी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

लंबित शिकायतों का करें शीघ्र निराकरण

किसान कल्याण विभाग अंतर्गत लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान फसल बीमा योजना का लाभ मिलने वाले किसानों तथा योजना का लाभ नहीं मिलने वाले किसानों से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

मेरे शब्द- मेरी कहानी थीम पर 21 तक अभियान

बच्चों में पठन के प्रति रुचि जगाने के लिए स्कूल पहुंची रीडिंग वैन



हरिभूमि न्यूज, नरसिंहगढ़। बच्चों में पठन के प्रति रुचि एवं आनंद विकसित करने तथा पठन को अर्थ निर्माण, चिंतन, संवाद एवं अभिव्यक्ति से जोड़ने के उद्देश्य से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में 'मेरे शब्द- मेरी कहानी' थीम पर प्रदेश स्तरीय पठन अभियान चलाया जा रहा है। 21 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 21 सितंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत गुरुवार को नगर के सांदीपनि स्कूल में ऑन व्हील रीडिंग वैन पहुंची। जिसका क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने विद्यार्थियों को कहानियां पढ़कर सुनाईं और पठन गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि अभियान अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो विद्यालयों में रीडिंग वैन पहुंची जिसका आंदलहेड़ा स्कूल में समापन हुआ। रीडिंग वैन के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न कहानियों एवं पुस्तकों से जोड़ते हुए पढ़ने के प्रति रुचि विकसित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, रमेश मालवीय, सत्येंद्र सिंह, बीआरसी सुरेंद्र सिंह, टेकचंद प्रजापति, दिनेश गवली, बीडी सक्सेना सहित स्कूल प्रबंधन के सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

कुरावर-झाड़ला मंडल की संयुक्त बैठक की गई

कांग्रेस राम नाम का विरोध करती थी, हम श्रीराम के नाम से कार्यक्रम शुरू करते: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर





समीपस्थ ग्राम काकरिया मीणा में बुधवार शाम कुरावर एवं झाड़ला मंडल भाजपा की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि 17 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े की शुरुआत होगी, जो लगातार एक माह तक विभिन्न सेवा गतिविधियों के साथ चलेगा। इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता जरूरी है।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन, उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग की चिंता की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, विद्यालय भवन और पंचायत भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, लेकिन इसके बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की तस्वीर बदली है। गांव की चौपाल से लेकर नगर के चौराहों तक केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की चर्चा आमजन के बीच करें। उन्होंने कहा, कांग्रेस भगवान श्रीराम का विरोध करती है और हम भगवान श्रीराम के नाम से शुरुआत करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जय श्रीराम का नारा लगाने वालों को सांप्रदायिकता से जोड़ दिया जाता था, जबकि भाजपा सरकार में सनातन परंपराओं के प्रति सम्मान का वातावरण बना है।

घर-घर दीप प्रज्ज्वलित करने का आह्वान

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यों के साथ घर-घर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को जनभागीदारी से जोड़ना है। मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई एवं रवि मीणा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने किया।बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मानसिंह बना, राधेश्याम पचवारिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणावत, वरिष्ठ नेता मोती सिंह बिलहरी, कैलाश राज, राजगढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष टीनू जोशी, दिनेश दांगी, गंगाप्रसाद चैधरी, मंडल महामंत्री रूप सिंह राठौड़, गुड्डू जाटव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा का जन्मदिन भी कार्यकर्ताओं ने मनाया।

फसल की स्थिति बताई

सोयाबीन फसल की समस्या को लेकर दिग्विजय सिंह से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़



सोयाबीन की फसल में अफलन (बांझपन) की स्थिति को लेकर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मारुति नंदन मंदिर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात की।

ठाकुर मदरूप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने सोयाबीन की फसल में आ रही समस्या और इससे संभावित नुकसान की जानकारी पूर्व मुख्यमंत्री को दी। किसानों ने बताया कि सोयाबीन की फसल में आफलन की स्थिति के कारण उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में फसल का सर्वे करवाकर किसानों को राहत दिलाने की मांग रखी। किसानों की समस्या सुनने के बाद दिग्विजय सिंह ने तत्काल कलेक्टर से चर्चा कर प्रभावित फसलों का सर्वे करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रवीण ग्रोवर,लखन रुहेला, लाखन सिंह बना, राम सिंह बना, मांगीलाल चैधरी, संजय, शांतिलाल गांधीग्राम, ओमप्रकाश जाटव, अभिनव पंचोली, रंजीत सहरिया सहित अन्य मौजूद थे।

ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन

कक्षा 1 व 2 के 125 शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



कक्षा 1 एवं 2 पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का समापन नवीन कस्तूरबा गांधी छात्रावास भवन में हुआ। एफएलएन प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर पर भाषा एवं गणित संबंधी बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के लिए शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण विधियों से प्रशिक्षित करना रहा। समापन अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगपुर जय सोलंकी ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों को उनकी उम्र और समझ के अनुरूप गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाया जाए, ताकि बच्चों में सीखने की रुचि विकसित हो।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश बिरामल ने शिक्षकों से समय पर विद्यालय पहुंचकर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही। विकासखंड स्रोत समन्वयक बीएल वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों तक आवश्यक एफएलएन सामग्री पहुंचाने तथा उसके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। इसका समय-समय पर बीआरसी, सीएसी एवं जनशिक्षकों द्वारा जायजा लिया जाएगा। प्रशिक्षण में कुल 125 शिक्षकों ने भाग लिया।

हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए राजेश यादव, अम्बर अंसारी, विजय पालीवाल, रोशनल कुशवाह, श्रीमती गीता पालीवाल एवं रजासिलाल यादव ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं प्रशिक्षण प्रभारी जगदीश शर्मा एवं लेखापाल सोमनाथ द्वारा देखी गईं। एफएलएन कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

प्रशासन और पुलिस के निर्देशों पर वाहनों की जांच की गई

सड़कों पर उतरा आरटीओ अमला चेकिंग में 4 बसों को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशानुसार गुरूवार को ब्यावरा में भोपाल चैराहा के आसपास पचोर रोड एवं भोपाल रोड पर यात्री बसों की सघन चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान बसों के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस, परमिट एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। जांच के दौरान बस क्रमांक एमपी-39 पी-5111 कुरैशी बस सर्विस बिना फिटनेस के संचालित पाई गई। उक्त बस को जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया। इसी प्रकार बस क्रमांक एमपी 04 पीए 4140 रॉयल बस सर्विस की जांच के दौरान अग्निशमन यंत्र सही स्थिति में नहीं पाया गया। इसके चलते बस को जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया।इसी क्रम में पचोर रोड पर बस क्रमांक एमपी 10 4 जेडवाई 7619 बिना परमिट संचालित पाई गई। उक्त बस को भी जब्त कर थाना सिटी ब्यावरा में रखा गया।

वहीं बस क्रमांक एमपी 09 एफए 3815 बिना परमिट संचालित पाई गई, जिसे जब्त कर थाना ब्यावरा देहात में रखा गया। इस प्रकार चेकिंग अभियान के दौरान कुल चार यात्री बसों को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 10 यात्री बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 34 हजार रुपये की राशि वसूल की गई।

महादेव मित्र मंडल का 37वां स्थापना दिवस मनाया

मंडल के सदस्यों ने वटकेश्वर महादेव का किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल का 37वां स्थापना दिवस बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर गांधी चौक स्थित वटकेश्वर महादेव मंदिर में मंडल के सदस्यों ने बाबा वटकेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। इसके बाद तारागंज स्थित श्रीपति एग्रीफ्रेंट कंपनी में विभिन्न सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया सहित सदस्यों द्वारा बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। गीत-भजन सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए। सचिव कमल पुष्पद ने वर्षभर मंडल द्वारा आयोजित सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वहीं कोषाध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार ने संस्था के आय-व्यय का वार्षिक लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष रखा। खेल सत्र में मटकी फोड़ प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेल आयोजित किए गए। आंखों पर पट्टी बांधकर कन्हैया ने मटकी फोड़कर कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया। इस दौरान मंडल के वरिष्ठ परामर्शदाताओं एवं सदस्यों ने अपने विचार साझा किए।संगठन मंत्री दिनेश सिंह सिसोदिया ने वर्ष 1990 से 2026 तक महादेव मित्र मंडल द्वारा किए गए सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने सदस्यों को संगठन के अनुशासन, रीति-नीति और एकजुटता के महत्व से अवगत कराते हुए सनातन धर्म के संरक्षण के लिए भविष्य में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संचालन महासचिव बृज किशोर चैहान ने किया। आभार निवृर्त्तमान अध्यक्ष ओम पुष्पद ने माना। मंडल की परामर्श समिति की बैठक में सर्वसम्मति से जितेंद्र सोलंकी को आगामी दो वर्षों के लिए महादेव मित्र मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनका साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

वहीं नवीन अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी सहित परामर्श समिति के सदस्यों ने निवर्तमान अध्यक्ष ओम पुष्पद को साफा बांधकर, दुपट्टा पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने भी वर्तमान एवं निवर्तमान अध्यक्ष का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ परामर्शदाता अशोक साहू, समंदर सिंह बैस, लोकेश सोलंकी, महेश पाटीदार, अरुण जैन, रामेश्वर पुष्पद, भूपेंद्र जोशी, एलएन त्रिकार मौजूद रहे।

ग्रामीण विकास को मिली रफ्तार, राज्यमंत्री पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा में मंजूरी

मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना में 6.33 करोड़ से 8 सड़कों होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने और गांव-गांव तक बेहतर आवागमन की सुविधा पहुंचाने की दिशा में ब्यावरा विधानसभा को बड़ी सौगात मिली है। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के नारायणसिंह पंवार के प्रयासों से मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के अंतर्गत 8 महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों पर करीब 6 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत आएगी।

स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम होने के साथ ही विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों और आमजन को विशेष सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उपज को बाजार तक पहुंचाने में भी आसानी होगी।

इन सड़कों को मिली मंजूरी

विधानसभा क्षेत्र में आवागमन की सुविधा और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। स्वीकृत सड़कों में बैरसिया-भौजपुरिया रोड से गोल्यापुरा, जैमालपुरा से खजूरखाड़ी, बैलास से दुर्गापुरा, ढकोरा-जामी रोड से अमरपुरा, पीएमजीएसवाई मूंडली रोड से भवानीपुरा, अमरगढ़ से खण्डिया, झरखेड़ा रोड से कोड़यिाखेड़ी तथा एनएच-12 से नरसिंहपुरा तक की सड़कें शामिल हैं।

गांवों तक विकास पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के माध्यम से छोटे-छोटे मजरे और टोलों को भी बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्यावरा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, सिंचाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्वीकृत इन 8 सड़क कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी संकल्प के साथ ब्यावरा विधानसभा के गांवों में लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाई जा रही है।

खबर संक्षेप

दो दिवसीय मिट्टी से श्री गणेश बनाने की कार्यशाला आज



सीहोर में गणेशोत्सव के अवसर पर अपने हाथों से मिट्टी के श्री गणेश बनाने का अवसर दिया जा रहा है। यह कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रतिभागियों को पर्यावरण-अनुकूल गणेश मूर्तियाँ बनाना सिखाया जाएगा।पहली कार्यशाला 12 सितंबर 2026, शनिवार को मिनी शिरडी धाम, चाणक्यपुरी, सीहोर में तथा दूसरी कार्यशाला 13 सितंबर 2026, रविवार को होटल ब्लू स्टार, मुरली रोड, भोपाल नाका, सीहोर में आयोजित होगी। दोनों दिन कार्यक्रम का समय शाम 6 बजे से निर्धारित है।इस आयोजन में मिट्टी भी संस्था द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी ताकि हर प्रतिभागी अपने हाथों से श्री गणेश की मूर्ति बनाकर घर में स्थापित कर सके। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में सृजनशीलता, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।कार्यक्रम का सौजन्य गोविन्द नेत्रालाय द्वारा किया जा रहा है। विद्यालयों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राएँ भी इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं और अपनी बनाई सुंदर गणेश मूर्तियाँ घर ले जा सकते हैं।

शांति समिति की बैठक में प्रशासन और पुलिस ने समितियों से की चर्चा

निर्णयः गणेश पर्व में नहीं बजेगा डीजे पंडाल सुरक्षा की जिम्मेदारी मंडलों की

किसी पंडाल में अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत होने पर मंडल पदाधिकारियों को पुलिस को जानकारी देने के लिए कहा गया है।फिल्मी गाने और तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलाने पर रोक रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में गणेशोत्सव के दौरान डीजे बजाने पर रोक रहेगी। गुरुवार शाम थाना भवन में हुई शांति समिति की बैठक में प्रशासन और पुलिस ने गणेश मंडलों के साथ सुरक्षा, बिजली, ध्वनि नियंत्रण और विसर्जन को लेकर फैसले किए। बड़े गणेश मंडलों को अस्थायी बिजली कनेक्शन 1100 रुपए और छोटे मंडलों को 500 रुपए में मिलेगा। एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार ने कहा कि गणेश प्रतिमा और पंडाल की सुरक्षा की जिम्मेदारी मंडलों की रहेगी। पुलिस रात में गश्त कर पंडालों की निगरानी करेगी। किसी पंडाल में अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत होने पर मंडल पदाधिकारियों को पुलिस को जानकारी देने के लिए कहा गया है।

भजन बजेंगे, फिल्मी गानों और तेज आवाज पर रोक

एसडीएम ने कहा कि पंडालों में निर्धारित दायरे में ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का इस्तेमाल किया जाए। केवल भजन बजाने और आवाज धीमी रखने के निर्देश दिए गए हैं। फिल्मी गाने और तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलाने पर रोक रहेगी। एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने भी गणेश मंडलों से नियमों का पालन करने और धीमी आवाज में साउंड सिस्टम चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्सव की व्यवस्था में मंडलों की भी अहम जिम्मेदारी है।

बिजली कनेक्शन की दरें हुईं कम

बैठक में अस्थायी बिजली कनेक्शन की दरों को लेकर भी चर्चा हुई। विद्युत विभाग ने शुरुआत में बड़े मंडलों के लिए 2100 और छोटे मंडलों के लिए 1100 रुपए शुल्क प्रस्तावित किया था। मंडल पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शुल्क कम करने की मांग की। चर्चा के बाद बड़े मंडलों के लिए 1100 और छोटे मंडलों के लिए 500 रुपए शुल्क तय किया गया। सहायक यंत्री कलन चाकरे ने कहा कि गणेश पर्व के दौरान बिजली व्यवस्था सुचारु रखने के प्रयास किए जाएंगे। आकस्मिक स्थिति में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

लाइनमैन करेगा पंडाल की जांच

एसडीएम किरार ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि कनेक्शन देने के बाद लाइनमैन मौके पर जाकर व्यवस्था की जांच करे। पंडालों के खुले तार या कोई असुरक्षित विद्युत व्यवस्था नहीं रहनी चाहिए, ताकि हादसे की स्थिति न बने।

विसर्जन कुंड का लोकार्पण होगा

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए पक्का कुंड तैयार कराया जा रहा है। गणेश विसर्जन के अवसर पर ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। विसर्जन स्थल पर सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी कराई जाएगी।

मंडलों की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी

नगर निरीक्षक रवींद्र यादव ने गणेश मंडल पदाधिकारियों से उनकी समस्याएं और सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि किसी पंडाल में सुरक्षा या अन्य विशेष व्यवस्था की जरूरत हो तो पुलिस को पहले से जानकारी दें, ताकि समय रहते इंतजाम किए जा सकें।

यह रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम महेंद्र प्रताप सिंह किरार, तहसीलदार रामलाल पगारे, एसडीओपी दामोदर गुप्ता, नगर निरीक्षक रवींद्र यादव, सहायक यंत्री कलन चाकरे, कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भूरु मुकाती, सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह सहित गणेश मंडलों के पदाधिकारी और नगरवासी मौजूद रहे।

11 फीट लंबे अजगर को देख ग्रामीणों में मचा हड़कंप

कड़ी मशक्कत के बाद किया सुरक्षित रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ अहमदपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले करलत पठार क्षेत्र से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। ग्राम शंकरपुरा करलत पठार में बीती मध्यरात्रि करीब 11 फीट लंबा विशालकाय अजगर निकलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अजगर की मौजूदगी की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। शंकरपुरा करलत पठार निवासी गफ्फार भाई के खेत पर बने मकान के पास रखे भूसे के ढेर में ग्रामीणों ने सबसे पहले इस विशालकाय अजगर को देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय अहमदपुर थाना पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम को मौके पर पहुंचने में करीब 2 घंटे का समय लग गया, तब तक ग्रामीण वहीं डटे रहे और अजगर पर नजर बनाए रखी। जिला मुख्यालय से जैसे ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, अहमदपुर थाने में पदस्थ आरक्षक तेज सिंह, राहुल देवड़ा, भगवान सिंह मालवीय, वन विभाग की टीम और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम और ग्रामीणों की सूझबूझ व मशक्कत के बाद लगभग 11 फीट लंबे इस अजगर को पूरी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू बैग में बंद कर लिया है, जिसे अब दूर गहरे प्राकृतिक वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा। अजगर निकालने की सूचना मिलते ही ग्रामीण क्षेत्र ओर अहमदपुर के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और अजगर पर निगाह बनाकर रखी लगभग करीब 2 घंटे बीत जाने के बाद वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो स्थानीय पुलिस प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वन विभाग की टीम ने अजगर का रेस्क्यू किया।

मोबाइल और टोर्च की बैटरी से किया गया रेस्क्यू

जैसे ही सूचना मिली आसपास के ग्रामीणों को वह मौके पर पहुंच गए मोबाइल टॉर्च जलाकर और बैटरी टॉर्च की मदद से आखिरकार अजगर को पकड़ने में सफलता हाथ लगी कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ा गया जिसमें स्थानीय ग्रामीण और अहमदपुर पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही

इन्होने किया रेस्क्यू

अहमदपुर थाने में पदस्थ आरक्षक तेज सिंह, राहुल देवड़ा, भगवान सिंह मालवीय, वन विभाग की टीम अहमदपुर निवासी निसार उददीन बबलू उददीन जाहिर अब्बासी रकीब मंसूरी और अन्य स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वन बिभाग की टीम ने रेस्क्यू किया।

कर्म सत्ता किसी को नहीं छोड़ताः डॉ अमृतरसा श्रीजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड पर्यूषण महापर्व के चतुर्थ दिवस कल्पसूत्र महाशास्त्र के प्रवचन में परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी आदि ठाणा ने उपस्थित धर्म सभा को जिनवाणी का श्रवण कराते हुए परमात्मा प्रभु महावीर के 27 भवों का विस्तार से विवेचन किया पूज्य साध्वी जी ने कहा कि भगवान के तीसरे भव में बंधे हुए कर्म 27 वे भव में उदय में आए इसलिए कर्म सत्ता किसी को नहीं छोड़ती चाहे राजा हो या रंक सभी को अपने कर्मों का फल भुगतना ही पड़ता है। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने बताया कि शुक्रवार को सुबह संदीप कुमार, प्रणय कुमार चत्तर परिवार के निवास स्थान रात्रि में सभी समाज जनों की उपस्थिति में भक्ति का आयोजन किया गया एवं सुबह निवास स्थान से पोथा जी कल्पसूत्र महाशास्त्र का जुलूस निकाला गया जो प्रमुख मार्गो से होते हुए महाराणा प्रताप बस स्टैंड पहुंचा जहां पर लाभार्थी परिवार द्वारा पूज्य साध्वी जी को शास्त्र वौहराया साथ ही पांच ज्ञानों की, पूजा अष्टप्रकारी पूजन एवं आरती की गई आज की स्नात्र पुजा ,अंगरचना, प्रभावना का लाभ प्रकाश चंद ,आलोक कुमार, अरविंद कुमार बरडिया, एवं प्रकाश चंद ,प्रांजल कुमार प्रशांत कुमार बोहरा परिवार द्वारा लिया गया संपूर्ण आयोजन में सकल जैन श्री संघ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

कारगिल में पदस्थ सेना के जवान का किया सम्मान

आष्टा। कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापार संघ, आष्टा के अध्यक्ष महेश जाट द्वारा कारगिल, लद्दाख में पदस्थ सीआरपीएफ कांस्टेबल/जीडी ललित सोनी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। ललित सोनी वर्तमान में 115 बटालियन सीआरपीएफ, श्रीनगर में पदस्थ हैं तथा कारगिल, लद्दाख में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष महेश जाट ने जवान ललित सोनी का साफा पहनाकर, साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। साथ ही देश सेवा के प्रति उनके समर्पण के सम्मान में मेमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया। महेश जाट ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए हमारे जवान विषम एवं दुर्गम परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

नवागत अपर तहसीलदार आकाश महंत ने संभाला पदभार, किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा

श्यामपुर तहसील में नवागत अपर तहसीलदार आकाश महंत ने पदभार ग्रहण कर लिया। तहसील कार्यालय पहुंचने पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अपर तहसीलदार आकाश महंत ने अहमदपुर क्षेत्र का दौरा किया और किसानों से चर्चा कर उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं, आवश्यकताओं की जानकारी ली। अहमदपुर पहुंचने पर ग्राम पंचायत के सरपंच आशीष कुमार एवं सचिव धर्मेंद्र पाठक ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अहमदपुर के पटवारी सुधीर चतुर्वेदी एवं पटवारी सोनू ठाकुर ने क्षेत्र की राजस्व व्यवस्था की जानकारी अपर तहसीलदार को दी। पटवारियों ने अहमदपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों की स्थिति, राजस्व संबंधी कार्यों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी से उन्हें अवगत कराया। अपर तहसीलदार ने क्षेत्र की व्यवस्थाओं को समझने के साथ किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उनके दौरे को क्षेत्र की राजस्व व्यवस्थाओं और किसानों से संवाद की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत माना जा रहा है।

ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस में दी स्वास्थ्य सेवाएं

सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस डे पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं जांच की गई। हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया जिसमें 0 से 01 वर्ष के 676 बच्चों का टीकाकरण किया गया। 01 वर्ष से अधिक 334 बच्चों का भी टीकाकरण किया गया। कुल 143 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।

शिक्षकों की मांगों को लेकर कल निकलेगी न्याय यात्रा

प्रार्थना, अभिषेक व यज्ञ कर लगाएंगे अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के संस्थापक सतीश खरे के आह्वान पर 13 सितंबर, रविवार को प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ न्याय यात्रा, प्रार्थना सभा एवं यज्ञ आयोजित किए जाएंगे। जिलों में शिक्षक प्रमुख धार्मिक स्थलों तक न्याय यात्रा निकालकर सामूहिक प्रार्थना, अभिषेक एवं यज्ञ करेंगे तथा न्याय अर्जी ईश्वर के श्रीचरणों में समर्पित करेंगे। प्रदेश का प्रमुख कार्यक्रम नलखेड़ा स्थित माँ बगलामुखी माता मंदिर में विशेष न्याय मनोकामना यज्ञ के साथ होगा। प्रांतीय संयोजक पवन खरे एवं प्रदेश महामंत्री विनोद राठौर ने बताया कि संघ की प्रमुख मांगें हैं।

टीइटी से कार्यरत शिक्षकों को मुक्ति, केंद्र के समान केंद्रीय वेतनमान, वास्तविक नियुक्ति तिथि से सेवा एवं वरिष्ठता का लाभ तथा पुरानी पेंशन की बहाली। सह-संस्थापक बृजेश असाटी ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के साथ टीइटी के नाम पर अन्याय एवं अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा। राष्ट्र निर्माता का अपमान पूरे राष्ट्र का अपमान है। भोपाल संभाग अध्यक्ष ऋतुराज तिवारी ने प्रदेश के सभी शिक्षकों से 13 सितंबर को अपने-अपने जिलों के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आवाज बुलंद करने की अपील की। यह आयोजन सीहोर जिले के इछावर मे काकड़ खेड़ा माता मंदिर पर होगा।

